भारत सरकार
अंतरिक्ष विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 1411

गुरुवार, 31 जुलाई, 2025 को उत्तर देने के लिए

युविका 2025 कार्यक्रम

1411. श्रीमती रमिलाबेन बेचारभाई बाराः
श्रीमती संगीता यादवः
डा. कविता पाटीदारः

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इसरो द्वारा आयोजित युविका 2025 (युवा वैज्ञानिक कार्यक्रम) के उद्देश्य और अपेक्षित परिणाम क्या हैं;

(ख) युविका 2025 प्रशिक्षण मॉड्यूल के मुख्य घटक क्या हैं, जिनमें छात्रों को प्रदान किए गए शैक्षणिक, प्रायोगिक और क्षेत्रीय अनुभव से संबंधित तत्व सम्मिलित हैं; और

(ग) क्या युविका 2025 कार्यक्रम में राष्ट्रव्यापी भागीदारी देखी गई और इसके लिए छात्रों का चयन किस प्रक्रिया के माध्यम से किया गया?

उत्तर

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय
तथा प्रधान मंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री
(डॉ. जितेन्द्र सिंह) :

****

(क) कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों को प्राथमिकता देते हुए युवा छात्रों को अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष विज्ञान और अंतरिक्ष अनुप्रयोगों के बारे में बुनियादी जानकारी प्रदान करना है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य हमारे राष्ट्र के भविष्य के आधार उन युवाओं में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के उभरते रुझानों के बारे में जागरूकता पैदा करना है। इसरो ने "कैच देम यंग" के उद्देश्य से इस कार्यक्रम की शुरूआत की है।

कार्यक्रम के अपेक्षित परिणाम में विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (एसटीईएम) आधारित अनुसंधान/वृत्ति के लिए प्रोत्साहित करना शामिल है।

(ख) छात्रों को प्रदान किए गए युविका 2025 प्रशिक्षण मॉड्यूल के मुख्य घटक निम्नलिखित हैं:

i. शैक्षणिक - छात्रों को विशेष रूप से तैयार की गई पाठ्य सामग्रियों के माध्यम से अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी की मूलभूत अवधारणाओं से परिचित कराया जाता है। इन सामग्रियों में अंतरिक्ष विज्ञान और संबंधित प्रौद्योगिकियों के विस्तृत पहलू शामिल हैं। इसरो के वरिष्ठ वैज्ञानिकों द्वारा व्याख्यान दिए जाते हैं।

ii. प्रयोगात्मक गतिविधियाँ - व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने के लिए, छात्रों को विभिन्न किट प्रदान की जाती हैं, जिनमें कैनसैट (CANSAT) किट्स, डू-इट-योरसेल्फ (डीआईवाई) रॉकेट और उपग्रह किट्स, डीआईवाई ड्रोन और रोबोट किट्स शामिल हैं।

iii. वास्तविक अनुभव - छात्रों ने अत्याधुनिक अंतरिक्ष और प्रौद्योगिकी अवसंरचना का वास्तविक अनुभव प्राप्त करने के लिए इसरो सुविधाओं के साथ-साथ निकटवर्ती स्टार्ट-अप कंपनियों और उद्योगों के भी दौरे किए।

(ग) जी, हाँ। युविका कार्यक्रम में देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के छात्रों ने भाग लिया है। प्रत्येक राज्य/केंद्र शासित प्रदेश से मेधावी छात्रों का चयन उनके शैक्षणिक रिकॉर्ड और पाठ्येतर गतिविधियों के आधार पर किया गया।

****